**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
शक्ति भवन,14–अशोक मार्ग
लखनऊ
CIN N0 U32201UP1999SGC024928

संख्याः 702 –ले0सा0 / पाकालि / 2017–05–ले0सा0 / 2010 दिनांक 10 अप्रैल, 2017

## पंजीकरण सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा पावर कारपोरेशन,शक्ति भवन,लखनऊ के लेखन सामग्री अनुभाग में रू0 5000/= {रूपया पॉच हजार} की सीमा तक कोटेशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार की लेखन सामग्री / कम्प्यूटर स्टेशनरी / प्लास्टिक फाइल कवर्स / प्लास्टिक फोल्डर्स की आपूर्ति तथा विभिन्न प्रकार के मुद्रण कार्यो हेतु वर्ष 2017–18 में पंजीकरण हेतु इच्छुक स्थानीय प्रतिष्ठित एंव अनुभवी फर्मो से उनके लेटर पैड्स पर दिनांक 31.05.2017 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने है। आवेदन पत्र में फर्म का नाम, पूरा पता, दूरभाष संख्या ( दुकान एंव निवास ) व्यापार कर पंजीकरण संख्या / टिन सं0 एंव अद्यतन पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति (फोटो कापी), फर्म द्वारा दर्शायी गयी ट्रेड / कमोडिटी व सामग्री से सम्बन्धित क्रयादेशों की छायाप्रति, फर्म का सरकारी / गैर सरकारी सस्थानों में किये गये कार्यों के अनुभव, फर्म ब्लैक लिस्ट है / नहीं से सम्बन्धित साक्ष्य अथवा प्रमाण पत्र, फर्म के सलाना टर्नओवर हेतु अभिलेखीय साक्ष्य, व्यापार मण्डल द्वारा प्रेषित पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति से सम्बन्धित साक्ष्य संलग्न करना आवश्यक है।

{2} आवेदन पत्र के साथ रू0 1000/= { रूपया एक हजार } मात्र का बैंकर्स चेक / बैंक ड्राफ्ट जो लेखाधिकारी (मुख्यालय भुगतान ) उ.प्र.पावर कारपोरेशन लि0,शक्ति भवन,लखनऊ के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। उपरोक्त जमा धनराशि सामग्री की आपूर्ति / मुद्रण आदेश के समय धरोहर राशि तथा प्रतिभूति राशि हेतु मान्य होगी।

{3} उपरोक्त पंजीकरण राशि न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगी। उक्त अवधि के पश्चात यदि पंजीकृत की गयी फर्म अपना पंजीकरण समाप्त करना चाहती है तो पंजीकरण राशि उन्हें लौटा दी जायेगी।

{4} यदि किसी फर्म का कार्य संतोषजनक नही पाया जाता है तो कार्पोरेशन को यह अधिकार होगा कि वे उक्त फर्म का पंजीकरण ( रजिस्ट्रेशन) किसी भी समय निरस्त कर दें।

{5} पंजीकृत की गयी फर्मो से विभिन्न प्रकार की लेखन सामग्री तथा मुद्रण कार्य हेतु कोटेशन आमंत्रित किये जायेंगे।

{6} किसी विशिष्ट कम्पनी / ब्राण्ड का विवरण प्रमाण पत्र प्राप्त हो तो फर्म उसका भी उल्लेख करें।

{7} उपरोक्त निविदा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड की वेबसाइट www.uppcl.org पर देखी जा सकती है।

**(शमशाद अहमद)**
**अनुसचिव (ले0सा0)**

संख्याः 702 –ले0सा0 / पाकालि / 2017 तद्दिनांकः

अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, कक्ष सं0–407, शक्ति भवन, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त निविदा सूचना को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की वेवसाइट www.uppcl.org पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

श. अहमद

**(शमशाद अहमद)**
**अनुसचिव (ले0सा0)**